तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 30 मार्च 2024

13 राम कथा सुनने से मनुष्य का जीवन संवर और...

14 विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों और ग्रामीणों...




क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)
डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी
डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी

Sanjeevani
Multispeciality Hospital
अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)
सदैव आपके लिए, आपके साथ

## खबर संक्षेप

### धीवर समाज की वार्षिक आमसभा आज



**राजिम।** जिला परगना धीवर समाज राजिम वार्षिक आमसभा दिनांक 30 मार्च दिन शनिवार शाम 4 बजे धीवर धर्मशाला अमापारा राजिम में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू मौजूद रहेंगे। विशेष अतिथि पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू होंगे। अध्यक्षता परगना अध्यक्ष रामूराम तारक करगे, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेन्द्र सोनकर, पार्षद महेश यादव ,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, पार्षद पूर्णिमा चंद्रकार एवं प्रदेश के सामाजिक पदाधिकारी एवं राजिम परगना के ग्रामीण इकाई के समस्त सामाजिक पदाधिकारी भाई एवं बहने माताएं उपाष्ठित रहेंगे। यह जानकारी परगना के मीडया प्रभारी राजेश धीवर ने दिया।

### देवांगन समाज का 38वां वार्षिक सम्मेलन कल



**नवापारा-राजिम।** गोबरा नवापारा राज देवांगन समाज का 38वां वार्षिक सम्मेलन 31 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे देवांगन भवन परसुलीडीह में रखा गया है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धनेंद्र साहू होंगे। अध्यक्षता नवापारा राज देवांगन समाज के अध्यक्ष अर्जुन लाल देवांगन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सौदागर सोनकर,सरपंच घनश्याम यादव मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता प्रदेश देवांगन समाज के महासचिव परस देवांगन व विशेष अतिथि के रूप में देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष ईश्वर लाल देवांगन मौजूद रहेंगे।

# जिले के मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर मतदाता जागरूकता की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प गरियाबंद ''चुनाव का पर्व - देश का गर्व '' के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जिले के मनरेगा श्रमिकों का कार्यस्थल पर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। इस दौरान श्रमिकों ने मतदाता जागरूकता शपथ लेकर कहा कि हम स्वयं जागरूक रहकर मतदान करेंगे साथ ही अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा तथा बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की बात कही।



### किया जा रहा जागरूक

उल्लेखनीय है कि देश में लोकसभा निर्वाचन की तिथि घोषित होने के साथ ही जिले में भी आदर्श आचरण संहिता लागू है। साथ ही मतदाताओं को शत प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करने विभिन्न माध्यमों से प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिलेवासियों को निष्पक्ष और भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न वर्गों को मतदाता जागरूकता में शामिल होकर मतदान दिवस में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी अंतर्गत जिले में संकल्प गरियाबंद के तहत आज मनरेगा श्रमिक, मैट एवं रोजगार सहायकों को मनरेगा संचालित कार्य स्थल में मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

## समस्या : लो वोल्टेज और बिजली कटौती की वजह से ट्यूबवेल दे रहे जवाब

# बिजली कटौती की समस्या से किसान त्रस्त, फसलों के नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में लगी धान की फसलों में अब बालियां आनी शुरू हो गई है। ऐसे समय में अब फसलों को और अधिक पानी की आवश्यकता है। लेकिन लो वोल्टेज और बिजली कटौती की वजह से अंचल के सभी किसानों के बोर जवाब दे रहे हैं।

- धान की फसलों में अब बालियां आनी शुरू

वहीं क्षेत्र के किसान लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से त्रस्त है। ख़ास तौर पर समीप के ग्राम रसेला, कुडेरादादर, मुढीपानी, रूवाड, मेडकीडबरी, दादरगाव नया, पंडरीपानी गोंड, कनसिधी, हिराबतर, रक्सी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा, भरूवामुडा, टोनहीडबरी, सेम्हरा,दुल्ला सहित क्षेत्र के सभी ग्रामों में आए दिन बिजली कटौती सहित लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के किसान राधे सेन, सुरेंद्र ठाकुर, भागवत सिन्हा, मकरम ठाकुर, नारायण ठाकुर, झवर अग्रवाल, कुशल ध्रुव, रवि चन्द्राकार, देवलाल भुजिया, बिगेन्द्र ठाकुर, सोहनलाल मरकाम, डायमंड ध्रुव, डोमन ध्रुव आदि किसानों का कहना है कि राजिम क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या क्यों नहीं है सिर्फ वनांचल क्षेत्र में लो वोल्टेज हो रहा है। क्षेत्र के किसान यह देखकर सब समझ चुके जिस दिन किसानों की गुस्सा फूड पड़ा उस दिन शासन प्रशासन को समझ में आ जायेगा। लो वोल्टेज और बिजली कटौती से किसानों को अपनी फसल की चिंता सता रही है। सप्ताह भर पूर्व हुई बारिश की वजह से खेतों में अब तक नमी बरकरार थी। यदि अब बारिश नहीं हुई या फिर बिजली की समस्या लगातार बनी रही तो किसानों को अपनी फसल को बचा पाना मुश्किल हो जाएगा। जानकारी के अनुसार हरूना वेरायटी के धान की फसलों में बालियां शुरू हो चुकी है। यदि मौसम साथ देगा तो मई माह में फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। इस समय फसलों की देखरेख और निगरानी किसान अच्छी तरह से कर रहे हैं। सप्ताह भर पूर्व हुई बारिश फसल के लिए संजीवनी साबित हुई। इस क्षेत्र के किसान सिर्फ ट्यूबवेल के भरोसे रबी फसल में धान की फसल ले रहे हैं।



### शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस

लो वोल्टेज की समस्या से सबमर्सिबल पंप नहीं चलने से फसल मुरझा रही है। और खेतों में दरारें आ रही है। रसेला अंचल में सिंचाई साधन नहीं होने से किसानों को आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। इसकी शिकायत विन्द्रानवागढ के विधायक जनकराम ध्रुव और राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के साथ - साथ बिजली विभाग छुरा को कईयो बार अवगत कराया जा चुका मगर समस्या जस के तस बना हुआ है। इसे देखते हुए किसानों में आक्रोश पनप रहा है।

# एपिक कार्ड व 12 अन्य पहचान पत्रों से मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार को सुबह 11 बजे ही मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल दबनई, छिन्दौला, लूठापारा, बोईरगांव, पथर्री, कमारपारा पहुंचकर चल रहे शासकीय निर्माण कार्यों का जायजा लिया साथ ही निर्माण कार्यो में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान का निर्देश दिया है। अचानक गरियाबंद जिला के कलेक्टर आज मैनपुर क्षेत्र के वनांचल के ग्रामों में पहुंचे। उन्होने आवास निर्माण कार्य के साथ ही अन्य निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया तथा सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने कहा है। इस दौरान जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन ▶▶| शेष पेज 13 पर

## अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई, बड़ा हादसा टला



**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में मैनपुर से 09 किलोमीटर दूर धवलपुर जोगी मोड के पास शुक्रवार की शाम 06 बजे के आसपास तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए जंगल में घुसा और पलट गई। कार में सवार लोग बाल बाल बचें। घटना के बाद घटना स्थल पर भारी भींड लगी हुई थी। यह कार किसका है और कहा जा रहा था, इसकी कोई जानकारी अभी नहीं मिला है।

# साली से दुष्कर्म करने वाला आरोपी जीजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



साली से पहले प्यार का नाटक कर रेप करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने आरोपी जीजा को लेकर जो खुलासे किए हैं काफी चौकाने वाले हैं। बता दें कि कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ जीजा ने घिनौनी करतूत को अंजाम दिया है। पीड़िता ने पुलिस की शिकायत में बताया कि जीजा उसे अक्सर कॉलेज छोड़ने जाता था। 1 जनवरी 2024 को नए साल में घुमाने ले जाने के बहाने आरोपी पुरुषोत्तम जगत ने रेप किया। बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया। जिसके बाद लगातार डराकर वारदात को अंजाम देता रहा। फरवरी माह में राजिम मेला ले गया, फिर उसके बाद ओड़िशा ले जाकर किराए के मकान में 24 दिनों तक दुष्कर्म करता रहा। घर लौटने पर पीड़िता ने अपनाने के लिए बोला तो जीजा ने साफ इंकार कर दिया। पीड़िता ने आप बीती परिजनों को बताई. जिसके बाद मामले में लिखित ▶▶| शेष पेज 13 पर

## आज बूथ विजय संकल्प अभियान में जुटेगी भाजपा

# कलस्टर प्रभारी ने ली विधानसभा के कोर और प्रबंधन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी तैयारी को लेकर राजनीतिक दलों की बैठकों का दौर जारी है। गुरुवार को बस्तर के कलस्टर प्रभारी तथा कुरूद विधायक पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने भाजपा जिला कार्यालय गरियाबंद में जिला के दोनों विधानसभा के कोर और प्रबंधन कमेटी की संयुक्त बैठक ली। बैठक में बूथ स्तर में होने वाले कार्यक्रमों के अलावा पार्टी के अन्य चुनावी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक रोहित साहू, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, सह संयोजक संतोष उपाध्याय, सह प्रभारी भावना बोहरा भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बैठक के दौरान भाजपा का पूरा फोकस बुथ स्तर के कार्यक्रमो का पर रहा। जिसमें प्रत्याशी के दौरे से लेकर बुथ सशक्तिकरण के लिए पार्टी द्वारा तय किए गए कार्यकर्मो को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में 30 मार्च को बुथ विजय संकल्प अभियान को लेकर भी चर्चा की है। प्रदेश महामंत्री पवन साय ने 30 मार्च को प्रत्येक बुथ में विजय संकल्प अभियान मनाने के निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि प्रत्येक बूथ में कार्यकर्ता 30 मार्च को अपने अपने घरो में भाजपा का झंडा लगाए, लाभार्थी से मुलाकात करे और इसके साथ ही अपने अपने बुथ में 370 से मतों से भाजपा को लीड दिलाने का संकल्प ले।




### तैयारियों की ली जानकारी

इसके पहले बैठक में कलस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर ने कोर और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से रूबरू चर्चा की। उनसे चुनाव को लेकर की गई अब तक की तैयारियों की जानकारी ली साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी रखी। पूर्व मंत्री चंद्राकार ने कोर ग्रुप से भाजपा प्रत्याशी के दौरे, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार तथा मंडल और बुथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाए जाने को लेकर भी मार्गदर्शन दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर बैठक में जिला संगठन मंत्री लक्ष्मी वर्मा, सह प्रभारी किशोर महानंद, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, विस प्रभारी राजिम दीपक म्हस्के, बिन्द्रानवागढ़ महेन्द्र पंडित, विस संयोजक भागवत हरित, नरोत्तम साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पुनीत राम सिन्हा, पूर्व जिप अध्यक्ष डॉक्टर श्वेता शर्मा, राहुल सेन, योगेश शर्मा, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, जप अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, नेहा सिंघल, लालिमा ठाकुर, मिलेश्वरी साहू, अंजु नायक, मनीष हरित, चन्द्रशेखर साहू, योगीमाखन कश्यप, चन्द्रशेखर सोनवानी, ऋतुराज शाह, युगल समदरिया, प्रतीक तिवारी, सहित जिला के कोर एवम प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण 17 से

**महासमंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन 17 अप्रैल से 22 अप्रैल 2024 तक किया गया। रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि 17 अप्रैल को रामायण सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 12 से किया जाएगा। वहीं समापन 22 अप्रैल को होगा।

### पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चित्रकला स्पर्धा

**महासमुंद।** राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक केदारनाथ दीवान द्वारा बसना ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत, कुर्माडीह, चिपरीकोना बी, बनडबरी में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर, स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से मिशन लाइफ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित की जा रही हैं। इसी बीच गांव में पर्यावरण मितान गठित कर उनको टी-शर्ट प्रदान करते हुए शपथ भी दिलाई जा रही हैं ताकि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में शंकर दीवान, कुमारदास, खिलेश बरिहा, मिनेश सिदार का सहयोग सराहनीय रहा। चित्रकला में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### पिथौरा में श्रीमद देवी भागवत कथा आज से

**पिथौरा।** स्थानीय मंदिर चौक में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक श्रीमद



देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा का शुभारंभ 30 मार्च को दोपहर 3 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा से की जाएगी। कथा वाचन सुप्रसिद्ध पं. अभिनव शुक्ला होंगे। कथा का समय दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक की होगी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

## लोकसभा चुनाव : व्यय प्रेक्षक ने ली निगरानी दलों की बैठक

# जिले की सीमा से लगे चेक पोस्टों पर चौबीस घंटे वाहनों की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्वाचन से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक मौजूद थे।

व्यय प्रेक्षक दबास ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम नियमानुसार निष्पक्षता एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने राज्य एवं जिले की सीमा से लगे सभी चेक पोस्टों पर चौबीस घंटे वाहनों की जांच करने और अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रकम और वस्तुओं के जब्ती बनाने के दौरान आयकर विभाग तथा जीएसटी के अधिकारियों को अवश्य सूचित करें। उन्होंने चेक पोस्टों पर निगरानी दल द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकॉर्डिंग आदि करने के निर्देश दिए। ताकि लेखा टीम को गणना करने में दिक्कत नहीं हो। व्यय प्रेक्षक ने निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आयोग द्वारा निर्धारित व्यय की सीमा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की इनपुट प्राप्त होने पर तत्काल जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। धन अथवा शराब का वितरण या निर्वाचकों को प्रभावित करने के प्रयोजन से वितरित की गई या दी गई कोई अन्य वस्तु संज्ञान में आते ही तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने लिमिट से ज्यादा शराब बिक्री वाले दुकानों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी टीमों की जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी ली गई। कलेक्टर प्रभात मलिक ने बताया कि जिले में उड़नदस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, आयकर, जीएसटी, पुलिस, एमसीसी, एमसीएमसी, व्यय लेखा सहित अन्य गठित टीमों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित निर्वाचन हेतु गठित विभिन्न निगरानी समितियों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापन देने से पूर्व प्रमाणीकरण जरूरी

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी चैनल्स, केबल नेटवर्क एवं रेडियो चैनल पर राजनैतिक विज्ञापन देने के पूर्व अनिवार्य रूप से प्रमाणीकरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए लिखित आदेश जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राजनैतिक दलों व चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराने के लिए निर्धारित प्रपत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री की सॉफ्ट कॉपी मेन स्क्रिप्ट के साथ तीन दिन पहले प्रस्तुत करनी होगी। अपंजीकृत राजनीतिक दल को सात दिन पहले प्रस्तुत करनी होगी। आयोग के इस निर्देश का उल्लंघन होने पर संबंधित राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार के खिलाफ कार्रवाई होगी। राजनैतिक विज्ञापनों के संवीक्षा व प्रसारण का प्रमाणीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त विज्ञापन की विषयवस्तु एवं मेन स्क्रिप्ट का भलीभाँति परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इसके प्रसारण से किसी भी व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय, जाति या वर्ग विशेष के खिलाफ भड़काऊ भाषा का उपयोग तो नहीं किया गया है। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि विज्ञापन के प्रसारण से आचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। विज्ञापन की विषयवस्तु व स्क्रिप्ट सही पाए जाने पर निर्धारित प्रपत्र-ब में प्रमाणीकरण जारी किया जायेगा।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में जन जागरूकता के लिए नवाचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्डों में घूमने वाली स्वच्छता वाहनों स्वच्छता का सांग चलाया जाता है। इसी तारतम्य में महासमुंद के नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रयास एवं नवाचार से स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जनजागरूकता लाने अब यूनिसेफ से प्राप्त जागरूकता संचार ऑडियो जिसमें स्वास्थ्य पोषण संबंधित महत्वपूर्ण संदेश को चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि महासमुंद को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी दिशा में महासमुंद नगर पालिका का यह प्रयास निश्चित ही लोगों में जागरुकता लाएगी। स्वच्छता सॉन्ग के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण जागरुकता संदेश का नवाचार के लिए यूनिसेफ के जिला सलाहकार ऋषभ तिवारी की भी अहम भूमिका है।

## पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा का होली मिलन समारोह आज

**तेंदूकोना।** पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा का होली मिलन समारोह शनिवार को धार्मिक ग्राम खल्लारी में आयोजित की गई है। सभा में भानुप्रतापपुर में हुए वार्षिक सभा के विषयों में जानकारी दी जाएगी तथा जिन सदस्यों की पेंशन समस्या होगी उसे जिला सदस्यों की उपस्थिति में निराकरण किया जाएगा। इस दौरान संघ के अध्यक्ष हीराधर सोम, रूपेश तिवारी महामंत्री सदस्य पेंशनधारी कल्याण संघ, शुकदेव सेन, गोपाल ठाकुर, चंद्रभान कश्यप, बैराग दास, कल्याण सिंह बरिहा, अमराव सिंह ध्रुव, रामजी प्रसाद पांडेय, राजेश्वर बेपारी, थानसिंग ठाकुर, चमन साहू, भूषण साहू, कुंजलाल दीवान, तेजनाथ सोनी, शिव दीवान आदि उपस्थित रहे। संघ के सदस्य रामजी प्रसाद पांडेय ने सभा में सदस्यों से वार्षिक सहयोग राशि जमा करने, वार्षिक आय व्यय सचिव द्वारा जानकारी देने के साथ संघ के सभी सदस्यों को समारोह में समय पर उपस्थित होने की अपील की है।



## गुरु बालक दास बाबा की शहादत को समाज ने याद किया

**महासमुंद।** गुरु बालक दास बाबा के शहादत दिवस ग्राम बरभांठा, पचरी व नवापारा में समाज के युवाओं देवेंद्र राय, अरविंद लहरे, लोकेश घृतलहरे, द्वारिका कुर्रे, मानसिंग महेश्वरी, सतीश पचरी, चिंता कुर्रे, टेकराम भारती, तुकाराम कोसरे, गौतम निराला आदि के नेतृत्व में मनाया गया। गुरु बालक दास द्वारा सतनाम रावटी एवं समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए नमन किया गया। जिसमें उपदेश मारकंडे, पवन डडसेना, लखन टंडन, राजेंद्र जांगड़े, गोवर्धन आवड़े, भूषण मारकंडे, अलित घृतलहरे, बाबूलाल मन्नाडे, दशरथ घृतलहरे, अर्जुन कोसरिया, हिरऊ भारती, सुनहर महिलांग, धरमू कोसरिया, महेंद्र निराला, मनीष भास्कर, ओमप्रकाश बंजारे, प्रताप, गुलशन, छत्रपाल लहरे, कांता सोनटके, भोजराम भारती आदि उपस्थित रहे।

# व्याख्याता भर्ती के लिए विशेष कक्षाएं 1 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिला प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में खनिज न्यास निधि से संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में सहायक शिक्षक व शिक्षक के साथ-साथ अब 1 अप्रैल से प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक व्याख्याता भर्ती परीक्षा की कक्षाएं प्रारंभ होने वाली है।

संस्था के जिला समन्वयक डी बसंत कुमार साव ने बताया कि संस्था में पूर्व से ही सहायक शिक्षक व शिक्षक भर्ती परीक्षा के साथ साथ सहायक शिक्षक व शिक्षक पात्रता एवं प्री बी एड/प्री डीएड की कक्षाए संचालित है। इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं की विशेष मांग पर व्याख्याता भर्ती के लिए विशेष कक्षाए प्रारम्भ होने वाली है। ज्ञातव्य हो कि सहायक शिक्षक व शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन कराई जा रही है तथा विशेष विषय के लिए अतिथि व्याख्यान आदि के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लाभ पहुंचाई जा रही है। संस्था में सहायक शिक्षक व शिक्षक भर्ती परीक्षा के साथ साथ सहायक शिक्षक व शिक्षक पात्रता एवं प्री बीएड/प्री डीएड की कक्षाएं सायंकालीन बैच में शाम 04 बजे से 07 बजे तक।

जबकि व्याख्याता की कक्षाए सुबह की पाली में प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक लगेगी। प्रारम्भ में बाल विकास की कक्षा प्रातः 7 से 8:30 तक। वहीं कंप्यूटर की कक्षा प्रातः-08:30 से 10 तक होगी व क्रमशः अन्य विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। संस्था में फाउंडेशन कोर्स की कक्षा प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक संचालित है। जबकि दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आरक्षक भर्ती परीक्षा की कक्षाए एवं सीजी पीएससी मेंस के लिए कोचिंग और ग्रंथालय से अधिकतर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिसके लिए सायं 4 बजे से 7 बजे तक लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा की कक्षाएं भी संचालित हो रही है। कोचिंग में प्रवेश सम्बंधी जानकारी के लिए कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## विद्युत ट्रांसफार्मर एवं बेसपोल खराब होने से बढ़ी स्कूली छात्रों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



नगर के निकटस्थ ग्राम बानीगिरोला में विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। विगत दिनों तेज आंधी तूफान के चलने से गांव का मुख्य ट्रांसफार्मर एवं बेसपोल क्षतिग्रस्त होने के कारण सुधार करने की आवश्यकता है। इसी दरम्यान स्थानीय स्तर की उच्च माध्यमिक विद्यालय की परीक्षा संचालित होने के कारण छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी से विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बिजली विभाग को भी विभागीय सूचना दी गई है, लेकिन आज तक सुधार कार्य नहीं होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। बिजली विभाग छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए ट्रांसफार्मर एवं बेसपोल में आवश्यक रूप से सुधार करने का कार्रवाई करें, जिससे की समस्या का समाधान हो सके।



## रिमजी स्कूल के दो प्रतिभावान छात्रों का हुआ चयन

**सरायपाली।** एससीईआरटी रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी से दो प्रतिभावान छात्रों अंजली भोई और समीर चौहान का चयन हुआ है। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी में प्रभारी प्रधान पाठक ओमप्रकाश साव एवं डोलमाणि चौहान (शिक्षक) के मार्गदर्शन से विगत 10 वर्षों में 70 छात्रों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में हो चुका है। छात्रों के चयन से प्रधान पाठक ओमप्रकाश साव, डोलामणि चौहान एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्र कुमार चौहान एवं सदस्यों द्वारा ने हर्ष जताया। यह परीक्षा में चयनित छात्रों को 12000 रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति केंद्र द्वारा दी जाती है। छात्रों के पालकों में भी खुशी देखने को मिला है।

## झालखम्हरिया स्कूल में विदाई समारोह के साथ न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पानी बॉटल भेंटकर छात्रों को दी गई विदाई



शासकीय प्राथमिक शाला झालखम्हरिया में पांचवी के छात्र-छात्राओं को निचली कक्षाओं के छात्रों द्वारा गुलाल लगाकर एवं पानी बॉटल प्रदान कर विदाई दी गई। इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाओं द्वारा प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के अंतर्गत न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें शाला के छात्रों को भोजन में खीर-पूड़ी, बड़ा, आलू-चना की सब्जी, रायता, पापड़ एवं केला परोसा गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक गीता यादव, सहायक शिक्षक समीक्षा चंद्राकर, शशि निराला, पालक सदस्य टेकराम साहू, झुमुकलाल ध्रुव, गणेशराम साहू, देवेन्द्र साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, उमा देवांगन, अंजू साहू, कुमारी सेन, अनामिका साहू, सावित्री देवांगन, लक्ष्मी साहू, नीरा साहू, नीरा ध्रुव, लोशनी साहू, ईश्वरी विश्वकर्मा, कुंती यादव, रमशीला थादव आदि मौजूद रहे।



## रामभजन के साथ लोकसभा चुनाव में भागीदारी का लिया संकल्प

**महासमुंद।** गत दिनों शहर महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक बैठक आहूत की गई। जिसमें महिला कार्यकर्ताओं ने राम-भजन के साथ लोकसभा चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। शहर अध्यक्ष साधना ठाकुर नैनी ने बताया कि राम-भजन संध्या में शिव शक्ति बहकी महिला मानस मंडली, राम जानकी, अशोक सुंदरी, देवांगन समाज एवं मौहरीभाठा की मंडलियों ने भक्तिमय भजन की शानदार प्रस्तुति दी। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा रश्मि चंद्राकर, नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, ऐश्वर्या तिवारी, महिला जिलाध्यक्ष दुर्गा सागर, सती साहू, निरंजना चंद्राकर, पदमनी साहू, द्रोपदी चंद्राकर, कुंती देवांगन, निर्मला चंद्राकर, ममता जायसवाल सहित महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर पालिका सीएमओ ने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की ली बैठक

# शहर में शत-प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने शुक्रवार को नगर पालिका सीएमओ टॉमसन रात्रे ने शहर के व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने निर्वाचन में मतदान का महत्व बताते हुए सभी व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से मतदाता जागरूकता अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव और मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई।

श्री रात्रे ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है। यह नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है। मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि नगर में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के संकल्प में व्यापारियों की भी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। व्यापारी संघ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों को प्रतिष्ठानों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही।

इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी रेखराज शर्मा, जिला चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष शंभु साहू, मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, फुटकर व्यापारी संघ के अमर पाल सिंग, यशवंत प्रसाद दुबे, प्रीतम सिंग, संतोष कुमार गुप्ता, भारत लाल खत्री, विक्की गुरूदत्ता आदि मौजूद रहे।






### मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रैली

आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में शहर में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने नगर पालिका पूरा जोर लगा रही है। स्वीप कार्यक्रम के तहत नपाकर्मी वार्डों में जाकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे के निर्देश पर आज स्वच्छता दीदीयो ने मतदाता जगरुकता रैली निकालकर स्लोगन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। तथा गुरु घासीदास बस स्टेंड में मतदाताओं को वोट करने की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रमुख रूप से स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, मोहनदास मानिकपुरी, अजय प्रधान, परमेश्वर निर्मलकर, अजय घृतलहरे, संतोष कन्नौजे, आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी की गारंटी पर हो रहे कार्य : संदीप



**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में अड़ंगा डालकर, गरीब परिवारों के आवास रोककर, गरीबों के राशन और चावल तक में घपला कर अपने पूरे कार्यकाल में सरकारी खजाने में डाका डालने में मशगूल रहे कांग्रेसी अब मिथ्या प्रलाप कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि पांच साल तक महिलाओं को 500 रुपए देने का वादा करके पांच रुपए तक नहीं देने वाली कांग्रेस अब मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश की भाजपा सरकार की शुरू हो चुकी 'महतारी वंदन योजना' को लेकर झूठा प्रचार कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस का प्रलाप दरअसल उसकी खिसियाहट का परिणाम है, क्योंकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के गृहलक्ष्मी योजना में 1500 रुपये हर माह देने के वादे पर छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति ने रत्तीभर भरोसा नहीं किया और अब हर साल महिलाओं को एक लाख रुपए देने का वादा परवान नहीं चढ़ रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेसियों को महतारी वंदन योजना की चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह राहुल गांधी की हवा-हवाई जुमलेबाजी नहीं, मोदी की गारंटी है और कांग्रेसी यह याद रखें कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी है। कांग्रेस छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें हारने वाली है, जो कांग्रेस को भी पता है। इतना ही नहीं, पूरे भारत में कांग्रेस का प्रदर्शन अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहेगा और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से फिर भाजपा-एनडीए की सरकार बनेगी। कांग्रेस जितना चाहे दुष्प्रचार करे, कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

## निधन

### जनिया बाई पटेल

**मैनपुर।** नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं



आमापारा निवासी जनिया बाई पटेल उम्र 85 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

## पेज 11 के शेष

### कलेक्टर ने निर्माण...

अधिकारी रीता यादव, एसडीएम तुलसीदास मरकाम, तहसीलदार जॉली जेम्स सीईओं मैनपुर अंजली खलखो, एडिशनल सीईओ डी एस नागवंशी, संजय राजपुत, प्रेमलाल ध्रुव आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### साली से दुष्कर्म...

शिकायत किया। थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया कि पीड़िता के शिकायत के बाद आरोपी पुरुषोत्तम जगत के खिलाफ आईपीसी 376,506 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# समाज में आपसी भाईचारा के साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार दे : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

कोसरिया मरार पटेल समाज घाटखाल्हे का होली मिलन समारोह मां शाकंभरी शक्तिपीठ लोहझर में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां भगवती शाकंभरी देवी एवं ब्रह्मलीन संत सिया भुनेश्वरी शरण महाराज के पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के सभापति गैंदलाल पटेल कसेकेरा, उपसभापति जीवन लाल पटेल पिपराही, श्यामलाल पटेल लोहझर, विशिष्ट अतिथि नारायण पटेल छुरा संयोजक शाकंभरी समाज, कृष्ण कुमार पटेल पिपराही अध्यक्ष शाकंभरी समाज एवं अध्यक्षता नारायण पटेल लोहझर अध्यक्ष घाटखाल्हे ने किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक शाकंभरी मंदिर समिति संतोष पटेल परसदा खुर्द, संरक्षक गंगाराम पटेल अमलोर, गंगूराम पटेल विजेपाल, घनश्याम पटेल खमहरिया, मोहन पटेल खम्हरिया उपाध्यक्ष शाकंभरी समाज थे। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शिक्षक हेमलाल पटेल द्वारा होली मिलन समारोह की सार्थकता के लिए समाज में आपसी भाईचारा के साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार देने की अपील किया गया। शाकंभरी समाज के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल ने कहा आज के समय में संस्कार की कमी के कारण लड़का-लड़की द्वारा अंतर्जातीय विवाह पर रोक लगाने के संबंध में अपना विचार प्रकट किया गया। शाकंभरी समाज के संयोजक नारायण पटेल छुरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि छुरा क्षेत्र का होली मिलन समारोह वास्तविक रूप से होली मिलन सम्मेलन है क्योंकि आज पूरा छुरा क्षेत्र के सभी मरार पटेल समाज एक परिवार के रूप में शामिल होकर आपसी सहयोग से शाकंभरी नवरात्र पर्व एवं उत्सव जिस उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया है, जिसकी प्रशंसा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के मरार पटेल समाज के पदाधिकारियों ने किये हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नारायण पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे क्षेत्र में एकता और अखंडता को बनाए रखने के साथ कुछ असामाजिक तत्व के द्वारा फूट डालने की कुंठित प्रयास से बचने हेतु अपने विचार रखे एवं ऐसे लोगों से समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बचने की सलाह दिये। शाकंभरी शक्ति पीठ के सचिव योगेश पटेल द्वारा शाकंभरी शक्तिपीठ लोहझर की आय-व्यय की जानकारी दी गई।



### आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया

उसके पश्चात भीखम पटेल सह सचिव द्वारा कोसरिया मरार पटेल समाज घाटखाल्हे द्वारा आय-व्यय की जानकारी दी गई। तत्पश्चात आगामी चैत्र नवरात्र पर्व मनाने के संबंध में रूपरेखा तैयार किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नोहरलाल पटेल लोहझर एवं आभार प्रदर्शन सतीश पटेल पंक्तियां ने किया। उक्त अवसर पर कोसरिया मरार पटेल समाज घाटखाल्हेके 32 ग्रामों से प्रमुख रूप से जिला गरियाबंद के कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बेदराम पटेल छुरा, संरक्षक हेमलाल पटेल लोहझर, घाटखाल्हे क्षेत्र एवं शाकंभरी मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष धनीराम पटेल बोड़राबांधा, शाकंभरी मंदिर समिति के महामंत्री राधेलाल पटेल ओनवा, उप कोषाध्यक्ष कुशल पटेल खरखरा, खेदूराम पटेल, राजेश पटेल, जगन्नाथ पटेल, लोकेश्वर पटेल, युवराज पटेल, मंतराम पटेल, आइसराम पटेल, डेमन पटेल, चरण पटेल उपस्थित थे।

## मानसगान : सेंदर और चरभट्ठी में संगीतमय मानसगान की शानदार प्रस्तुतियां

# राम कथा सुनने से मनुष्य का जीवन संवर और निखर जाता है : रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राज्य स्तरीय तीन दिवसीय रामायण में राज्य से दूर-दूर से मानस मंडली सेंदर और चरभट्ठी में पहुंच रहीं हैं। आमंत्रित मंडलियां शानदार संगीतमय मानसगान की प्रस्तुति दे रहीं हैं। दोनों गांव में एक ही तारीख में आयोजन शामिल हैं।

दोनों गांव के सजे मानस मंच में प्रथम दिन के व्याख्या कारो का भाव कुछ इस तरह है कि व्याख्याकार रानी साहू, रुपाली साहू, संगीत शुभंम साहू, किसन मानकर ने कहा की संतों की कृपा से ही समागम होता है। रामकथा के जरिए मनुष्य का जीवन संवर जाता है। वह बुरे कर्म छोड़कर नेकी की राह पर चल पड़ता है। सत्संग से मानव अपने साथ-साथ परिवार एवं समाज का भी कल्याण करने लगता है।

संत की कृपा से सत्संग मिलती है और जब संत विशेष कृपा करता है तो समागम मिल जाता है।रामकथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अकेले प्रार्थना करने से हो सकता है कि परमात्मा कुछ देर में सुने, लेकिन जब एक साथ लाखों हाथ जुड़कर प्रार्थना करते हैं तो परमात्मा को सुनना ही पड़ता है। इसलिए रामकथा विशेष महत्व रखती है। सत्य का महत्व तब ही है जबकि सत्य को जीवन में मन, वचन, कर्म से स्वीकार किया जाए। सत्य का आचरण करने वाला व्यक्ति ही सामाजिक जीवन में प्रतिष्ठा एवं सम्मान प्राप्त करता है। सत्य के आचरण के आधार पर ही हम एक-दूसरे पर विश्वास करते हैं।



### जीवन में उद्देश्य जरूरी : आकाश

आकाश साहू ने कहा मनुष्य धरती पर आता है तो एक लक्ष्य लेकर के आता है, एक उद्देश्य लेकर के आता है। चाहे वो उसे पूरा करे या न करे, पर हर मनुष्य के जन्म से जीवन का एक निश्चित लक्ष्य व एक निर्धारित उद्देश्य होता है। यदि जीवन उद्देश्य से विहीन रह जाए, तो व्यक्तित्व के अंदर एक ऐसी रिक्तता, एक ऐसा खोखलापन भर जाता है, जिसे त्रासदीपूर्ण ही कहा जा सकता है। यदि मनुष्य द्वारा विकसित विद्याओं को ध्यान से देखें तो सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उन सबका उद्देश्य, जीवन में उद्देश्य की खोज ही है। चाहे क्षेत्र धर्म का हो या विज्ञान का, चाहे क्षेत्र दर्शन का हो या मनोविज्ञान का इन सबका दूरगामी लक्ष्य जीवन के उद्देश्य को प्राप्त करना ही कहा जा सकता है।

### इनका रहा विशेष सहयोग

आयोजन ग्राम विकास समिति चरभट्ठी पदाधिकारी ओमप्रकाश साहू सरपंच, अध्यक्ष थन्नू साहू, उपाध्यक्ष मन्नू साहू, सचिव राजेश श्रीवास, सह सचिव चुम्मन साहू, नरेश साहू, पुष्कर साहू, लीलाराम, हेमंत साहू, सीताराम, विष्णु, नेमू पूर्व सरपंच, सीताराम, बनवाली, पहाड़सिंग, डायमंड, काशीराम, पार्थिक, चतुर, रामगुलाल, धनेश्वर, यादराम, चंद्रीका, किशन, ठाकुरराम, सोनूलाल साहू, जगदीश साहू, निधान साहू, कुमार ध्रुव, तुलाराम साहू का विशेष सहयोग कर रहा।

# चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता जितना पसीना बहायेंगे उतनी लीड़ बढ़ेगी




**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल गुरुवार की देर रात नवापारा शहर में चुनावी कार्यालय का फीता काट कर उदघाटन किया। उसके बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कमर कस लेने की बात कही। श्री अग्रवाल ने नवापारा मंडल क्षेत्र के एक-एक जिम्मेदार पदाधिकारियों का नाम ले-लेकर कहा कि वे एक-एक घरों में जाए। एक-एक दरवाजे पे जाए। लोगों को बताए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के गारंटी को छत्तीसगढ़ सरकार पूरा करते हुए चल रही है जो काम भूपेश बघेल ने 5 साल में नही किया उसे विष्णुदेव की भाजपा सरकार ने मात्र 3 महीने में ही पूरा कर दिखाया है। श्री अग्रवाल ने मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सभी को इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए जी जान से मेहनत करनी है। विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल का नाम बचपन से सुनते चले आ रहे है। सर्वाधिक वोट से जिताना है जिससे पूरे रायपुर लोकसभा क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू, लोकसभा प्रभारी अशोक बजाज, नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, पारसमल गोलछा, अशोक गंगवाल, अशोक नागवानी, भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन, राजिम के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेन्द्र सोनकर, लाला साहू, गफ्फू मेमन, विजय गोयल, परदेशीराम साहू, बॉबी चावला, राजेश साहू, चंद्रिका साहू, नत्थुराम साहू, मुकेश ढीढी, मौजूद थे।

# साहू समाज ने हर्षोल्लास से मनाया रंग पंचमी का पर्व

**राजिम।** साहू समाज द्वारा रंग पंचमी का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की पूजा-अर्चना कर रंग पंचमी की शुरूआत की गई। इस अवसर पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। रंग गुलाल उड़ाकर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीयों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने रंग पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा प्रेम का उत्सव है। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मन में जो मलाल हो उसे बाहर कर देना चाहिए और आपस में एकता, प्रेम, भाईचारा बनाए रखना चाहिए। सामाजिक समरसता के भाव से सब के साथ मिलजुल कर रहे। रंग पंचमी के अवसर पर समाज के लोग आपस में गला मिलकर गुलाल लगाकर रंग पंचमी की बधाई शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष भोले साहू, महामंत्री रामकुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में चमरू राम साहू, संतोष, बंधु साहू, भोले साहू, रामकुमार साहू, राजू साहू, लीलाराम साहू, गजानन साहू, टीकम साहू, कमल साहू, तरुण साहू, नरेश साहू, संजय साहू, सुखदेव साहू, पवन साहू, पीलू राम साहू, बसंत साहू, मुकेश साहू, रूपलाल साहू, अरुण साहू, मेहतर साहू, दीपक साहू, शोभू साहू, छोटू साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



# सड़क पर रखी मिट्टी से ग्रामवासी परेशान

**फिंगेश्वर।** नाली के लिए खोदी गई मिटटी के सड़क में पड़े रहने से बन रही है धूल का गुबार। वार्डवासियों एवं वाहन धारियों को नगर पंचायत से मिटटी हटवाने की गोहार लगाई है।



वार्ड 13 मे नगर पंचायत के द्वारा पानी टंकी के पास नाली निर्माण का कार्य कराया गया है। नाली निर्माण के लिए जमीन की खुदाई कर नाली का नाप लेकर नाली निर्माण का कार्य भी संपन्न हो गया लेकिन नाली के लिए खोदे गये गढ्ढे की मिट्टी सीसी रोड में ही महिनों से छोड़ दिया गया है। मिट्टी हटाने के लिए ठेकेदार को बोला गया था लेकिन अभी तक सड़क से मिटटी नहीं हटाई गई हैं। इस मिट्टी को हटाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी उपअभियंता हेमंत देवांगन को भी बोला गया था लेकिन महिनों गुजर जाने के बाद भी स्थिति अभी तक ज्यों त्यों बनी हुई है।इस मिट्टी के सड़क मे खुलेआम रहने से सड़क मे चलने वाले बडे.छोटे वाहनों के चलते धूल का गुबार उड़कर निवासियों के घरों तक पहुंच रहा है जिससे लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क मार्ग टर्निंग होने के कारण बड़े वाहनों को लिए परेशानियों का भी विषय भी है। नागरिकों ने इस मार्ग में रखे मिट्टी हटाने के लिए नगर पंचायत के सीएमओं से गोहार लगाई है।

# टोनहीडबरी में मनाया गया सृष्टि दिवस

**रसेला।** ग्राम टोनहीडबरी में गोंडी धर्म संस्कृति सरंक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ तथा युवा प्रभाग, ईशर गवरा अन्नपूर्णा समूह व समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में सृष्टि दिवस का कार्यक्रम फागुन पूर्णिमा के महान पर्व पर आदिवासी गोंड समाज के द्वारा प्राकृतिक शक्ति बड़ादेव का पूजा अर्चना कर बड़ादेव की भजन, कीर्तन, कर्मा नृत्य के साथ, क्षेत्र के उन्नति के लिए मनोकामना भी किये, प्रकृति से आच्छादित परसा फूल (टेशू फूल) से रंग निकालकर हर्बल रंग से एक दूसरे के शरीर पर परसा रंग डालकर होली तिहार को धूमधाम से बड़े हर्षोल्लास के साथ यह होली त्योहार को मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तिरुमाल बिसेराम ठाकुर अध्यक्ष मंदिर ट्रस्ट टोनहीडबरी, भारत मरई,



कार्यक्रम की अध्यक्षता जागेश्वर ध्रुव, टेशू नेताम संरक्षक, सालिक मरई, मुकेश ध्रुव, पुरनमल ध्रुव उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ, भारत पड़ोटी, तुलेश्वर मरकाम, पवन, लोकेश, रेखराम ध्रुव आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता, अजय, चम्पेश्वर, लोकेश, तिलक, रूपकुमार, मंगल, ताराचंद, नीलकमल, तोमेश, चंदू उपस्थित थे।

# सोनकर समाज का होली मिलन समारोह

**नवापारा-राजिम।** नवापारा सोनकर समाज राज इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिसमें अध्यक्ष मोहनलाल सोनकर, उपाध्यक्ष रामेश्वर अप्पू सोनकर, महामंत्री राकेश सोनकर, कोषाध्यक्ष लव सोनकर ,उपमंत्री नीलमणि सोनकर, उपमंत्री घनश्याम सोनकर,शिक्षा विकास अध्यक्ष राजेश सोनकर चुने गए। इन सभी पदाधिकारियो को केंद्रीय पदाधिकारी कोषाध्यक्ष रमेश सोनकर द्वारा शपत दिलाया गया।



# 8वीं की छात्राओं को दी गई विदाई

**पांडुका।** कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका की कक्षा आठवीं की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। प्रधान पाठक एमएल तारक ने छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताते हुए निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं प्रदान की उन्होंने बताया कि शिक्षा ही सर्वांगीण विकास का आधार है और इसके लिए लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण संतोष व्यास, सीता साहू, सीमा साहू उपस्थित थे। सभी विदाई प्राप्त कर रहे छात्राओं को देवश्री निषाद एवं अरुण साहू के द्वारा लेखनी व कलर पेंसिल भेंट किया गया, साथ ही गोपेश्वरी साहू मैडम द्वारा इको फ्रेंडली गमले गोबर से तैयार में पौधे भेंट किया गया। कक्षा छठवीं व सातवीं की छात्राओं के द्वारा बहुत ही शानदार ग्रीटिंग आठवीं की छात्राओं को दिया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं की छात्राओं ने संस्था प्रधान को महात्मा गांधी के छायाचित्र भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं की छात्रा दिव्यांशी दीप व छठवीं की छात्रा सुकृति सेन ने किया।



# बच्चों को पूरी व पापड़ परोसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कनफाड 1 के प्राथमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन शाला में मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता वैष्णव देवी स्व सहायता समूह के द्वारा किया गया। जिसके तहत बच्चों को पूड़ी, पापड़, सब्जी, चावल, दाल एवं मीठा परोसा गया। इस अवसर पर समूह की अध्यक्ष भानोबाई, उपाध्यक्ष रजनीबाई, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष किशुनलाल नेताम, उपाध्यक्ष गौरसिंह नेताम, कुमारसाय सोरी, शिक्षक रीझे यादव, शिक्षिका नीतू कुंजाम उपस्थित रहीं। शाला परिवार ने न्योता भोजन के लिए संचालनकर्ता समूह को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## माध्यमिक शाला अतरमरा के 8वीं के बच्चों को दी गई विदाई

# अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर शाला का नाम रौशन करें

**गरियाबंद।** संकुल केंद्र अतरमरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अतरमरा में कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं का विदाई सम्मान समारोह का आयोजन को किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं और सातवीं के बच्चों ने आठवीं में अध्यनरत सभी बच्चों का विदाई सम्मान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रधान पाठक खेमलाल यादव,संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा सहित शिक्षकों के द्वारा मां शारदे की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्र -छात्राओं के द्वारा कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का स्वागत वंदन किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा रोचक, मनोरंजन, ज्ञानवर्धक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के द्वारा शाला में व्यतीत किए हुए अपने अपने विद्यालयीन जीवन के अनुभव व्यक्त किये। संस्था के प्रधान पाठक खेमलाल यादव ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों के सफलता के पीछे कहीं ना कहीं शिक्षकों का योगदान रहता है। आप लोग जहां कहीं भी हो अपने माता-पिता और गुरु का सम्मान करना ना भूले। संकुल समन्वयक विनोद सिंन्हा ने विदाई प्राप्त कर रहे कक्षा आठवीं के सभी विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन भर चलने वाली सतत प्रक्रिया है।शिक्षा के विकास से गांव समाज राष्ट्र की उन्नति संभव है।शिक्षक हेमंत विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी 1 अप्रैल से पहली से आठवीं तक परीक्षा प्रारंभ होने वाली है। अतः आप सभी सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए पूरी तैयारी के साथ परीक्षा दें। अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर घर परिवार एवं शाला, गांव का नाम रोशन करें।संस्था के शिक्षक हेमंत विश्वकर्मा,मार्ग्रेट विक्रम,गीता ध्रुव,बलराम साहू ने सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है।संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होता है। आप सभी पढ़ाई के प्रति गंभीर होकर सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई पर ध्यान दें। जिससे निश्चित ही सफलता मिलेगी। उपरोक्त कार्यक्रम में कक्षा आठवीं के सभी बच्चों को विद्यालय की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गिफ्ट प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी में से ही कुणाल दीवान एवं कुमारी दीवान ने किया। इस विदाई सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से संस्था के प्रधान पाठक खेमलाल यादव, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा एवं संस्था के शिक्षक राजकुमारी यादव, हेमंत विश्वकर्मा, गीता ध्रुव, मार्गेट विक्रम, बलराम साहू, चंद्रशेखर ध्रुव सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थियों उपस्थित थे।





**न्यायालय नायब तहसीलदार, गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क. ब-121 वर्ष 2023-24 ग्राम हसदा
प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. पिपरौद तहसील
गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/ / तह. / वाचक - 2 /2024

नवापारा, दिनांक 11.03.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीताराम साहू पिता श्री केजूराम साहू निवासी ग्राम हसदा द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम हसदा प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारां जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 670/1, 1541 / 1 रकबा क्रमशः 0.05, 0.30 हे. भूमि आवेदक के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका जारी किया गया था, जो ग्राम हसदा में कहीं गुम हो गया है, जिसके कारण खाद, बीज, ऋण लेने मे काफी परेशानी हो रहा है साथ ही शासकीय कार्य करने में असुविधा होने से ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण दिनांक 05/04/2024 को इस न्यायालय मे नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था का कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता / अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है. बाद में आये दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

खबर संक्षेप

## हर्षा काबरा बनी डॉक्टर



**नवापारा-राजिम।** कुमारी हर्षा काबरा एमबीबीएस की परीक्षा पास करके डॉक्टर बन गई है। हर्षा, किशोर काबरा की बेटी व राजू काबरा की भतीजी है। उनके डॉक्टर बनने पर डॉक्टा राजेन्द्र गदिया, डॉ बलजीत सिंग, डॉ गोपाल केला, डॉ पुनीत गोस्वामी, दिलीप शाह, तेजेन्द्र साहू, विजय गोयल, गिरधारी अग्रवाल, श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, विनोद जैन, आलोक पहाड़िया, बिसेसर हिरवानी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मंदिर की दानपेटी से 25 हजार की चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के लहरौद पड़ाव स्थित हनुमान मंदिर की दान पेटी से चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस को प्रार्थी धरम दास वैष्णव पिता विश्राम दास (67) निवासी 18 गुड़ी ने बताया कि बुधवार की रात्रि करीबन 9 बजे किसी अज्ञात चोर ने मंदिर अंदर प्रवेश कर दान पात्र में रखे लगभग 20 से 25 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## वीडियो अपलोड करने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पुलिस ने आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट पर अपलोड करने वाले तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। बसना पुलिस ने सुमीत अग्रवाल पिता रोशन अग्रवाल, सरोजनी बरिहा पति जगदीश बरिहा एवं बागबाहरा पुलिस ने दिग्विजय सिंह राठौर पिता देवेंद्र सिंह राठौर द्वारा अपने मोबाइल नंबर से इंटरनेट का प्रयोग कर सोशल मीडिया पर महिलाओं एवं बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड करते पाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर धारा 67, 67 ए, 67 बी सूचना प्रौद्योगिकी अधि. 2000 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर एक बुजुर्ग से मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी भागीरथी निषाद पिता स्व. उमेंद्र निषाद (62) ग्राम सिंघनपुर निवासी ने आरोपी ओमप्रकाश उर्फ बालाराम निषाद पिता भागमल निषाद एवं दो अन्य लोगों पर एकराय होकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का एवं लाठी, डंडे से मारपीट कर चोट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दिया की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपियो पर धारा 294, 323, 506, 34 अपराध कायम किया है।

## 11 हजार की महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने लिमउगुड़ा से शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक आरोपी पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बस्तीराम चौहान पिता गोविंद चौहान (34) निवासी लिमउगुड़ा के कब्जे से 55000 एमएल महुआ शराब कीमत 11000 रुपए को जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की है।

# श्री राधाकृष्ण की जोड़ियां व जमकर थिरकीं महिलाएं, खूब उड़े अबीर-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति गरियाबंद की मातृ शक्तियों के द्वारा बूढ़ा देव मंदिर गरियाबंद में होली मिलन समारोह का रंगोत्सव फूल गुलाल से बड़े ही उत्साह एवं जोर शोर के साथ मनाया गया।समारोह में महिलाएं जमकर थिरकीं, इस अवसर पर सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें हिस्सा लेते हुए कई सदस्यों ने रील बनाई। राधा कृष्ण की जोड़ी बनाओ प्रतियोगिता में सदस्यों ने पूरे श्रृंगार के साथ हिस्सा लिया। होली गीतों के साथ ही जमकर रंग व गुलाल उड़ रहे थे।

सुबह 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम का समापन लगभग 4 बजे हुआ, जिसमें महिलाओं के अलावा युवतियों व बच्चों ने भी भाग लिया। सभी मातृ शक्तियों ने राधा कृष्ण की जीवंत झांकी के साथ नृत्य का भरपूर आनंद लिया,इसके पहले सभी ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी।इस अवसर पर एक ओर जहां समिति की कुछ सदस्याओं ने होली के भजन गाकर बृज की होली की याद दिलाई तो वहीं मंजरी कुसुम सुमन सहित अन्य महिला सदस्याओं ने अपने नृत्य से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया, साथ ही सभी महिलाओं ने समाज के विकास एवं खुशहाली के लिए प्रेम, शांति एवं भाईचारे के साथ रहने का संकल्प लिया।

### श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति का होली मिलन



### इनका रहा सहयोग

मंजरी गुप्ता के द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मातृशक्ति शशिप्रभा सिन्हा,हेमलता सिन्हा, कुसुमलता सिन्हा,अभिलाषा उपाध्याय, अनुराधा निर्मलकर, नेहा यदु, वंदिता यदु, पूर्णिमा देवदास, सुमन बीपी देवांगन, सीमा यादव, रेखा वर्मा, सुमन नारायण देवांगन, सविता गिरी, विमला साहू, गायत्री सिन्हा मंजु दुबे लोकेश्वरी पाल, श्यामबती साहू, हमारी बेटियों में राधा रूप में दिक्षिका साहू, कृष्ण रूप में आद्या साहू साथ में गीतांजलि उपाध्याय एवं आस्था निर्मलकर इन सबका सहयोग रहा।

### मिलन समारोह सभी को एक सूत्र में बांधने का काम करती है

समारोह को लेकर श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति की अध्यक्ष मंजरी गुप्ता ने बताया कि महिला समिति के द्वारा आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक सूत्र में सभी महिलाओं को बांधने का काम मिलन समारोह के माध्यम से किया जा रहा है ताकि समाज में महिला एक परिवार की तरह रहे और एक दूसरों को मदद करते हुए एक मिसाल के रूप में बन सके। महिला समिति के द्वारा होली मिलन समारोह के साथ साथ एक पारिवारिक मिलन के तौर पर भी इस कार्यक्रम को मनाया गया।

## लोकसभा चुनाव : ग्राम तुहामेटा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों और ग्रामीणों ने शत प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने ग्रामीणों से मतदान करने की अपील की
- बैनर, पोस्टर के माध्यम से ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया

आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के नोडल अधिकारी रीता यादव ने आज विकासखंड मैनपुर के ग्राम तुहामेटा में चुनाव का पर्व देश का गर्व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों ने भाग लेकर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। साथ ही समाज के सभी सदस्यों को निर्वाचन में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान महिला स्व सहायता समूह के दीदियों एवं ग्रामीणजनों ने मतदाता जागरूकता संकल्प गरियाबंद का आकर्षक रंगोली तैयार कर मानव श्रृंखला निर्माण किया। साथ ही मतदाता जागरूकता के बैनर, पोस्टर के माध्यम से ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।

कलेक्टर अग्रवाल ने विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों और ग्रामीणों को आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने और लोकतंत्र में अपना योगदान देने की शपथ दिलाई। लोगों ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति एवं समुदाय से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। ग्रामीणों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे 'छोड़ के अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान, 'नागरिकों की है पहचान, सबसे पहले मत का दान', 'सबका यह अरमान है, करना सब मतदान है', 'आओ मिलकर अलख जगाएं शत प्रतिशत मतदान कराएं' लिखे तख्तियों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।




### कलेक्टर ने मतदान केंद्र का किया अवलोकन

इसके अलावा कलेक्टर ने शासकीय बोईरगांव के मतदान केन्द्र क्रमांक 109 का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि यहां कुल 679 मतदाता है। जिसमें 342 पुरूष मतदाता व 337 महिला मतदाता शामिल है। श्री अग्रवाल ने ग्राम छिंदौला एवं कन्हारपारा (पथर्री) में प्रगतिरत निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और लोगों से निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समय पर पूरा करने को कहा।

# चुनाव को लेकर ओडिशा छत्तीसगढ़ पुलिस अलर्ट





**मैनपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अर्लट हो चुकी है। हर परिस्थितियों से निपटने पुलिस ने अपने तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता अपने मतदाधिकार का प्रयोग बीना किसी डर व भय के निष्पक्ष व निर्भिक रूप से कर सके इसके लिए पुलिस प्रशासन के तरफ से सभी माकूल प्रबंध किये जा रहे है, खासकर ओडिसा सीमा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज मैनपुर एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह एंव ओडिशा धरमगढ़ के एसडीओपी एमके बेहरा के उपस्थिति में ओडिसा और छत्तीसगढ पुलिस की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा किया गया। क्योंकि मैनपुर देवभोग क्षेत्र के अधिकांश सीमा ओडिसा से लगा हुआ है, जिसके कारण शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए ओडिसा और छत्तीसगढ पुलिस ने कमर कस लिया है, ओडिसा धरमगढ के एसडीओंपी एमके बेहरा ने कहा कि ओडिसा में 13 अप्रैल को विधानसभा और लोकसभा का चुनाव होना है, और छत्तीसगढ ओडिसा के सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने आज बैठक का आयोजन किया गया है, ओडिसा सीमा में शराब तस्करी के साथ अन्य गतिविधि को रोकने के लिए छत्तीसगढ और ओडिसा पुलिस को सामजस्य बनाकर कार्य करने की जरूरत है, उन्होने बताया कि पुलिस लगातार ओडिसा सीमा पर गश्त कर रही है। मैनपुर एसडीओंपी पुलिस बाजीलाल सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हो इसलिए ओडिसा और छत्तीसगढ पुलिस की आज बैठक आयोजित किया गया है, चुनाव में असामाजिक तत्व और चुनाव को प्रभावित करने वाले तत्वों पर नकेल कसने के लिए इस बैठक में चर्चा किया जा रहा है, उन्होने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हो इसके लिए दोनो राज्यों की सीमावर्ती थाना पुलिस की बैठक आयोजित किया गया है।

# सेंट जॉन्स विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन रख गया। जिसमें मुख्य रूप से ग्रेजुएशन सेरेमनी, होली मिलन समारोह, वार्षिक परीक्षा का परिणाम का घोषणा किया गया। संस्था के प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जेकब ने बताया की कार्यक्रम शुरू होने से पहले माँ सरस्वती एवं श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर आरंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे शाला प्रवंधक समिति के अध्यक्ष संजय पटेल, नगर के वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव, उज्जवल जैन, आईएसबीएम विश्व विद्यालय के डीन डॉक्टर एन कुमार स्वामी, शशि शर्मा, रश्मि गुप्ता , शिक्षक ऋषि कुमार साहू , पूनम चंद्रकर, नगर के एल्डरमेन सलीम मेमन रहे। ग्रेजुएशन सेरेमनी के बारे मे बताते हुए शिक्षिका कृति यादव ने कहा की यह कार्यक्रम खास करके जो बच्चे पूर्व प्राथमिक में पढ़ने वाले बच्चे जब अपना पूर्ण रूपसे अपना अध्ययन कर जब प्राथमिक वर्ग मे कदम रखते है तो उसके कठिन परिश्रम को आने वाले समय के लिए प्रेरणादायक हो इसलिए इस पल को याद गर बनाने के लिए यह आयोजन किया जाता है। साथ ही प्राचार्य ने बताया की इस वर्ष शाला का वार्षिक परीक्षा शत प्रतिशत रहा। जिसमें ज्यादा तर बच्चे सभी कक्षा मे सभी विषयों पर 90 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त किये उन सबको भविष्य में ऐसे कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने का संकल्प लेने के लिए कहा। इसके पश्चात होली मिलन समारोह का शुरुआत किया गया। जिसमें इमरांन अली, नेमिचंद यादव, नारायण साहू, ऋषि कुमार साहू ने कार्यक्रम में आये हुए समस्त अतिथि का स्वागत कर रंग गुलाल एक दूसरे को लगाते हुए अपना अपना मनमोहक स्वरो से गीत प्रस्तुति दिया। जिसमें सभी लोग झूम उठे। इस दौरान संस्था प्रमुख सैजु जेकब, अकादमिक निर्देशक सुमंत आचार्य, मोहित घृतलहरे, दुष्यंत यदु, भोजराज साहू, कृति यादव, उषा यादव, चिनु, सूची, विवेकानंद, रासविहारी, चमेली, कृष्ण, परमेश्वरी साहू सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समापन किये।



# अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाई होली



**मुड़ागांव(कोरासी)।** रंगो का पर्व होली अंचल के ग्राम मुड़ागांव, कोरासी, अकलवारा, सोरिद, साजापाली, भैरा, नवापारा, करचाली, देवसरा, द्वारतरा, बम्हनी, कुरेकेरा, बोईरगांव, पंक्तियां, जुनवानी, कनेसर, मड़ेली, ओनवा, खैरझिटी, पीपरहट्ठा, अकलवारा, फिंगेश्वरी, रानीपरतेवा, करकरा, खड़मा, पीपरछेड़ी,परसदा खुर्द, सहित आसपास के ग्रामो में शान्ति पुर्वक होली मनाई गई होली में लोग रंग गुलाल लगाकर एक दुसरे को बधाई दी और बच्चे बुजुर्ग जवान सभी होली के रंगों में रंग कर होली की मस्ती में नगाड़े की बजाकर फाग गीत गा कर नाचते गाते रहे वही।ग्राम मड़ेली में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रात में ठीक मूहूर्त में होलिका दहन किया गया।सुबह से लोग घरों से निकल कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की बधाई प्रदान किया गया। नगाड़ों की थाप पर लोग काफी देर तक थिरकते रहे।फाग गायन के साथ लोग घरों घर जाकर एक दूसरे को बधाई दिया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत तथा आपसी प्रेम सद्भावना के साथ शांतिपूर्ण ढंग से होली पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के ग्रामीण अध्यक्ष जोहत राम सिन्हा, रामकिशन नंदे, केशवदास मानिकपुरी, भीखम ठाकुर, गजेन्द्र ठाकुर, निर्मल मरकाम, ईश्वर ठाकुर, प्रेमनारायण ध्रुव, पोखन निषाद, यशपाल ठाकुर, जीवन टाण्डे, फानेश्वर नेताम, भगोली निषाद, वेशनारायण ठाकुर, लोकेश्वर साहू, नीरज ठाकुर, कुलेश्वर मरकाम, लोकेश्वर साहू, गणेश ध्रुव, तपेश्वर साहू, गोविन्द साहू लोचन ठाकुर, युवराज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# ध्रुव गोंड़ समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



**छुरा।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सर्कल के आश्रित ग्राम सिवनी में होली मिलन समारोह में रानी दुर्गावती मूर्ति स्थापना विषय को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। ज्ञात हो छुरा सर्कल के ग्राम सिवनी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। आयोजन के मुख्य अतिथि समाज के संरक्षक, सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता सर्कल अध्यक्ष कोमल सिंह ध्रुव ने किया। विशेष अतिथि बतौर सर्कल के सह संरक्षक ईतवारी राम ध्रुव, उपाध्यक्ष रेवा राम ध्रुव प्रमुख रुप से उपस्थित थे। बैठक समारोह में मुख्य अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने होली रंगों के महापर्व के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि एक दूसरे के साथ हो जाना ही होली हो जाना है। वही वीरांगना रानी दुर्गा वती देश के सम्पूर्ण समाज के लिए शहीद हुई हैं। हम सभी को गर्व होना चाहिए। सर्व समाज को उनकी प्रेरणा मिलती रहे इसके लिए छुरा मुख्यालय में मूर्ति स्थापना जरुरी है सर्कल के प्रत्येक घरो से अंश राशि लगना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक घरो से पंचास रुपये व एक किलो चांवल देना अनिवार्य होगा। सभी समाजिक गण सर्व सहमति प्रदान की। अध्यक्ष कोमल सिंह ध्रुव, सह संरक्षक ईतवारी राम ध्रुव, उपाध्यक्ष रेवा राम ध्रुव ने भी अपने अपने विचार रखे। संचालन सचिव देव नारायण ध्रुव ने किया। उक्त बैठक में सर्कल के सभी पंच व पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# संस्कार संस्कृति पर विशेष व्याख्यान



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली में पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ का एक दिवसीय कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। 28 फरवरी को ग्राम में गायत्री मिशन के परिजनों तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गीत संगीत प्रवचन के साथ पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ। बागबाहरा से आये हुए ऋषि पुत्रो के द्वारा यह कार्यक्रम दिन भर चला। प्रवक्ता हरी ओम शंकर के द्वारा जीवन जीने की कला तथा संस्कार संस्कृति पर विशेष व्याख्यान दिया। प्रेरणा दायी भजनों से दर्शक दीर्घा मुग्ध हो गए। जैन सिंग पीपराही निवासी ने अपने शिर तथा बाहों में आरती सजाकर नृत्य करते हुए आरती किया तो दर्शक श्रोता समाज काफी आश्चर्य हो गये। इस यज्ञ में आसपास के परिजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। परिजनों में प्रमुख रूप से रामावतार यादव कोषाध्यक्ष, ठाकुर राम, चंदन ध्रुव शिक्षक, राधेलाल पटेल, मालिक राम दुल्ला, पोखन ठाकुर, मोहन सागर, तेजस्वी सागर, तिजवु, जैन सिंग, देवकी, भूषण ठाकुर, जोहत राम सिन्हा, गुलापा बाई, केशर विश्वकर्मा, रूखमणी ठाकुर, ग्राम के गोविंद साहू, रामकिशन नंदे, भीखम ठाकुर, गिरधारी सेन, प्रेमनारायण ध्रुव उपस्थित थे।







